आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मो. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# जेल से रिहाई के बाद बिक्रम सिंह मजीठिया का शक्ति प्रदर्शन

## जालंधर के पीएपी चौक पर अकाली दल का जोरदार स्वागत

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया मंगलवार को जालंधर के पीएपी चौक पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। मजीठिया के पहुंचते ही पूरा इलाका अकाली दल जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा और माहौल पूरी तरह सियासी रंग में रंग गया। इससे पहले फगवाड़ा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मजीठिया ने तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि असली सरकार गुरु महाराज के आशीर्वाद से चलती है, न कि झूठ और दबाव की राजनीति से। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे न पहले झुके थे और न आगे कभी झुकेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए मजीठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री यह कह रहे हैं कि उन्होंने मजीठिया को दबोच लिया, लेकिन हकीकत यह है कि मजीठिया को कोई हाथ नहीं लगा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि जेल में रहते हुए वे नहीं, बल्कि बाहर बैठे लोग बेचैन थे।




जालंधर पहुंचकर मजीठिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और आने वाले समय की राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की।

शिरोमणि अकाली दल इस दौरे को मजीठिया की सक्रिय राजनीति में मजबूत वापसी के रूप में देख रहा है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह दिखाई दिया।

गौरतलब है कि वर्ष 2025 में आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस मामले में उनके करीबी सहयोगी हरप्रीत गुलाटी की भी गिरफ्तारी हुई थी। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद 2 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने मजीठिया को नियमित जमानत प्रदान की, जिसके अगले दिन 3 फरवरी को उन्हें नाभा जेल से रिहा कर दिया गया। वहीं, उनके सहयोगी हरप्रीत गुलाटी को भी मोहाली की अदालत से जमानत मिल चुकी है।

मजीठिया की रिहाई और जालंधर दौरे को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज है और इसे पंजाब की सियासत में आने वाले दिनों के लिए अहम संकेत माना जा रहा है।

# रविदास जयंती मेले के बाद अतिक्रमण पर कार्रवाई, नगर निगम-ट्रैफिक पुलिस आमने-सामने फड़ी वाले

## चेतावनी के बावजूद सड़क खाली न होने पर जब्ती, कार्रवाई के दौरान हाईवोल्टेज हंगामा

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

श्री गुरु रविदास महाराज जयंती के अवसर पर लगाए गए मेले के समापन के बाद सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम और फड़ी वालों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। प्रशासन की ओर से बार-बार दी गई चेतावनी के बावजूद जब रास्ता खाली नहीं किया गया, तो नगर निगम की टीम ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से सख्त कार्रवाई शुरू की।





### श्री गुरु रविदास चौक से वडाला चौक तक चला अभियान

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई श्री गुरु रविदास चौक से लेकर वडाला चौक तक की गई। अधिकारियों ने बताया कि तीन दिन पहले ही फड़ी और अस्थायी दुकानदारों को रास्ता खाली करने की सूचना और समय दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद सड़कों पर अवरोध बना रहा।

**जब्ती के दौरान महिला ने रोकी निगम की गाड़ी** – कार्रवाई के दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया, जब सामान जब्त कर ले जा रही नगर निगम की गाड़ी के सामने एक महिला आकर खड़ी हो गई और वाहन रोकने की कोशिश की। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने महिला को हटाया और जब्त किया गया सामान निगम कार्यालय ले जाया गया।

**फड़ी वालों का विरोध: चार दिन लगते हैं सामान समेटने में** – कार्रवाई से नाराज़ फड़ी वालों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार हंगामा किया। उनका कहना था कि मेले में उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं हो पाई।

सामान इकट्ठा करने और पैक करने में चार दिन का समय लगता है। वे रविवार को मिले समय के तहत आज सामान समेट ही रहे थे, तभी निगम की टीम ने पैक किया हुआ सामान भी जब्त कर लिया। फड़ी वालों का दावा है कि जब्त किया गया सामान उनकी कुल कमाई से कहीं ज्यादा की कीमत का है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### प्रशासन का पक्ष : ट्रैफिक बहाली ज़रूरी

नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई यातायात सुचारु रखने और सार्वजनिक मार्ग खाली कराने के लिए ज़रूरी थी।

अधिकारियों के अनुसार, चेतावनी और समय देने के बाद भी जब निर्देशों का पालन नहीं हुआ, तो कानून के तहत कार्रवाई करनी पड़ी।

### इलाके में कुछ देर तक अफरा-तफरी

कार्रवाई और विरोध के चलते कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, हालांकि बाद में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और ट्रैफिक को सामान्य किया गया।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# पंजाब में गन कल्चर पर सरकार सख्त, लेकिन म्यूज़िक इंडस्ट्री बनी चुनौती

## 6 हज़ार हथियार लाइसेंस रद्द होने के बीच 'असलहा' गीत पर बवाल, DGP को सौंपी गई शिकायत

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

पंजाब में अवैध हथियारों और गन कल्चर के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम के बीच म्यूज़िक इंडस्ट्री एक नई चुनौती बनकर सामने आ गई है। डीजीपी गौरव यादव के निर्देशों पर जहां हाल ही में 6 हज़ार लोगों के हथियार लाइसेंस रद्द किए गए, वहीं दूसरी ओर हथियारों को महिमामंडित करने वाले गाने लगातार रिलीज़ हो रहे हैं। ताज़ा विवाद मशहूर पंजाबी गायक मनकीरत औलख के नए गीत 'असलहा' को लेकर खड़ा हुआ है, जो 6 फरवरी को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज़ किया गया।





**बीजेपी ट्रेड सेल ने उठाया सवाल, DGP से की कार्रवाई की मांग**

इस मामले में बीजेपी पंजाब ट्रेड सेल के को-कन्वीनर अरविंद शर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में गीत को हिंसा को बढ़ावा देने वाला बताया गया है। अरविंद शर्मा ने मांग की है कि गीत 'असलहा' पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए इसे यूट्यूब समेत सभी डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटाया जाए

**नशा और गैंगवार से जूझ रहे पंजाब के लिए ख़तरनाक कंटेंट**

शिकायत में अरविंद शर्मा ने कहा कि पंजाब पहले ही नशा, गैंगवार और अवैध हथियारों जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे माहौल में हथियारों को ग्लैमराइज़ करने वाले गीत युवाओं को गलत दिशा में धकेल सकते हैं और यह कानून-व्यवस्था के लिए सीधा खतरा हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब सरकार गन कल्चर पर बैन लगा चुकी है, तब ऐसे गानों का रिलीज़ होना नीति और नीयत-दोनों पर सवाल खड़े करता है।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए सख़्त गाइडलाइंस की मांग**

-अरविंद शर्मा ने सरकार और पुलिस प्रशासन से यह भी अपील की है कि डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए स्पष्ट और सख्त गाइडलाइंस जारी की जाएं

भविष्य में हथियार, हिंसा और अपराध को बढ़ावा देने वाले कंटेंट को रिलीज़ से पहले ही रोका जाए

**पुलिस मुख्यालय में शिकायत पर मंथन शुरू** - सूत्रों के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय स्तर पर गीत के कंटेंट की समीक्षा की जा रही है। यदि गीत को मौजूदा सरकारी निर्देशों का उल्लंघन माना गया, तो डिजिटल टेक-डाउन और कानूनी कार्रवाई की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### पंजाब में अपराधियों पर तीन दिन का अल्टीमेटम, 'ऑपरेशन प्रहार-2' से पुलिस का बड़ा एक्शन

# रेलवे स्टेशन से शहर की सीमाओं तक छापेमारी, जालंधर कैंट में हाई अलर्ट सर्च अभियान

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )


पंजाब में संगठित अपराध, नशा तस्करी और गैंग नेटवर्क के खिलाफ पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार-2' के तहत सख्त मोर्चा खोल दिया है। राज्य भर में एक साथ शुरू किए गए इस अभियान के तहत गैंगस्टरों, नशा तस्करों और उनके नेटवर्क को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है।


**राज्य भर में सड़कों पर उतरी पुलिस**

ऑपरेशन के तहत पंजाब पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, संवेदनशील इलाकों और शहर की सीमाओं पर सघन चेकिंग शुरू कर दी है। शहरों के अंदरूनी और बाहरी क्षेत्रों में स्पेशल नाकेबंदी लगाई गई है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

**जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर हाई-प्रोफाइल सर्च :** जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर यह अभियान स्पेशल डीजीपी रेलवे शशि प्रभा द्विवेदी की अगुवाई में चलाया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यात्रियों के बैग और सामान की गहन तलाशी ली गई : प्लेटफॉर्म और आसपास के इलाकों में संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई।

**डॉग स्क्वॉयड टीमों को भी सर्च ऑपरेशन में लगाया गया** - इस दौरान पुलिस कमिशनर धनप्रीत कौर और एसपी हरिंदर सिंह गिल भी मौके पर मौजूद रहे। एसपी गिल ने स्टेशन पर अलग-अलग टीमें तैनात कर समन्वित जांच के निर्देश दिए।





**यात्रियों से पूछताछ, स्टेशन पर हड़कंप**

अचानक शुरू हुई सख्त चेकिंग से रेलवे स्टेशन पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बेंचों पर रखे बैग्स की भी तलाशी ली गई और यात्रियों से पूछताछ की गई।

**45 स्थानों पर रेड, 50 संदिग्ध राउंडअप**

स्पेशल डीजीपी शशि प्रभा द्विवेदी ने बताया कि राज्य भर में 45 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ रेड की जा रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले इलाकों को विशेष रूप से कवर किया गया है जालंधर समेत विभिन्न जिलों में करीब 50 संदिग्धों को राउंडअप किया गया है।

**तीन दिन चलेगा अभियान**

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन प्रहार-2 अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा। इस दौरान गैंगस्टरों के नेटवर्क नशा तस्करी के ठिकानों अपराध से जुड़े सहयोगियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सर्च ऑपरेशन और रेड के नतीजों को लेकर जल्द आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी।

### जालंधर-पठानकोट हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर

# चाय के लिए रुके ट्रक चालक को अज्ञात कार ने रौंदा, जालंधर में इलाज के दौरान मौत

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर अड्डा काला बकरा के समीप सोमवार तड़के एक हिट एंड रन की घटना ने एक ट्रक चालक की जान ले ली। सड़क किनारे खड़े ट्रक से उतरकर चाय पीने गए चालक को तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के सेनाबती गांव निवासी अब्दुल गनी गाफी भट्टी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 5 बजे भट्टी ने हाईवे किनारे ट्रक खड़ा किया था और पास स्थित ढाबे से चाय पीकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने सड़क सुरक्षा फोर्स को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम के इंचार्ज एएसआई रणधीर सिंह ने बताया कि घायल की हालत बेहद नाजुक थी। एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें पहले सिविल अस्पताल काला बकरा ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए सिविल अस्पताल जालंधर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने भट्टी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। वहीं, सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम ने सेफ्टी कोन लगाकर हाईवे पर यातायात सुचारू किया। मामले की सूचना पुलिस चौकी लाहदड़ा के इंचार्ज एएसआई सरबजीत सिंह को दी गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे काबू कर लिया जाएगा।





# जालंधर में नाबालिग छात्रा लापता मामलाः पिता के आरोपों पर पुलिस का जवाब

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर में 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के लापता होने के मामले में जहां एक ओर पीड़ित पिता ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं, वहीं दूसरी ओर थाना-5 पुलिस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए जांच से जुड़े तथ्य सामने रखे हैं।

**क्या है पूरा मामला :** लापता नाबालिग छात्रा, जो 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी, पिछले करीब एक महीने से घर से गायब है। पीड़ित पिता का आरोप है कि उत्तर प्रदेश के रहने वाले मनु नामक युवक ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया, लेकिन पुलिस की ओर से समय पर कार्रवाई नहीं की गई।

पिता का आरोप-गरीब हूं, इसलिए मेरी नहीं सुनी जा रही पीड़ित पिता ने मीडिया को बताया कि वह रोज़ाना थाने के चक्कर काट रहे हैं सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं जांच के नाम पर देरी हो रही है उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित पुलिस अधिकारी फोन कॉल तक रिसीव नहीं करते।

**थाना प्रभारी यादविंदर सिंह ने रखा पुलिस पक्ष**

थाना प्रभारी यादविंदर सिंह ने इन आरोपों को गलत और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि जैसे ही लड़की के लापता होने की सूचना मिली, तुरंत शिकायत दर्ज की गई उसी दिन से शानबीन और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी पुलिस ने मामले को नाबालिग से जुड़ा गंभीर केस मानते हुए प्राथमिकता पर लिया।

**इंस्टाग्राम कॉल बना जांच का अहम सुराग**

**थाना प्रभारी के अनुसार, जांच के दौरान:** लड़की के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक कॉल आया, जिसमें युवती ने खुद कहा कि वह घर वापस नहीं आना चाहती उसने आरोप लगाया कि उसके पिता उसके साथ बुरा व्यवहार करते हैं इसके तुरंत बाद संबंधित इंस्टाग्राम आईडी का IP एड्रेस बदल गया, जिसे अब टेक्निकल टीम की मदद से ट्रेस किया जा रहा है। दोनों नाबालिग, लगातार छापेमारी पुलिस ने स्पष्ट किया कि घर से लापता लड़का और लड़की दोनों ही नाबालिग हैं। संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है बाहरी राज्यों से भी समन्वय कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस का दावा-हर संभव प्रयास जारी थाना प्रभारी यादविंदर सिंह ने कहा: यह मामला नाबालिग बच्ची से जुड़ा है, इसलिए पुलिस पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। पीड़ित परिवार द्वारा लगाए गए लापरवाही के आरोप निराधार हैं।

**परिवार को बेटी की सुरक्षित वापसी की उम्मीद**

वहीं, पीड़ित परिवार अब भी बेटी की सुरक्षित वापसी की मांग पर अड़ा है और चाहता है कि जांच तेज़ की जाए और आरोपी युवक की भूमिका स्पष्ट हो।





आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# सुबह-सुबह लूट की वारदात से दहशत, वर्कशॉप चौंक के पास ब्लिंकिट कर्मचारी को हथियार दिखाकर लूटा

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

शहर में लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताज़ा मामला वर्कशॉप चौंक के नज़दीक टैगोर अस्पताल के पास सामने आया है, जहां तड़के घर से काम के लिए निकले एक ब्लिंकिट कर्मचारी को बाइक सवार तीन लुटेरों ने हथियारों के बल पर लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

पीड़ित युवक के अनुसार वह रोज़ाना की तरह सुबह अपने काम पर जा रहा था, तभी टैगोर अस्पताल के पास तीन युवक बाइक पर सवार होकर उसके पास आए। आरोपियों ने अचानक रास्ता रोककर उसे डराया-धमकाया और हथियार दिखाते हुए उसका मोबाइल फोन और पर्स छीन लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई, जिसके चलते पीड़ित असहाय होकर सब कुछ लुटेरों को सौंपने पर मजबूर हो गया।

पीड़ित ने बताया कि उसके पर्स में करीब साढ़े आठ सौ रुपये नकद के अलावा डेबिट और क्रेडिट कार्ड भी थे, जिन्हें लुटेरे अपने साथ ले गए। वारदात के तुरंत बाद पीड़ित ने आसपास के लोगों से मदद मांगी और फिर संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करवाई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज कर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक बीएसएफ कॉलोनी का रहने वाला है और एक निजी डिलीवरी कंपनी में कार्यरत है। घटना के बाद इलाके के लोगों में डर का माहौल है और उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## जालंधर में चोरी की वारदातें बेलगाम, DAV कॉलेज के पास एक ही खोखा बार-बार बना निशाना

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर महानगर में चोरी, लूटपाट और गंभीर अपराधों की घटनाओं में एक बार फिर बढ़ोतरी देखी जा रही है। ताज़ा मामला DAV कॉलेज क्षेत्र से सामने आया है, जहां चोरों ने एक बार फिर अस्थायी खोखे को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया।



**सुबह ताले टूटे मिले, सामान गायब :** पीड़ित कृष्ण कुमार उर्फ सोनू ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे दोस्तों से सूचना मिली कि उसके खोखे के ताले टूटे हुए हैं। जब वह मौके पर पहुंचा, तो देखा कि सिगरेट, बीड़ी, कोल्ड ड्रिंक्स और अन्य बिक्री योग्य सामान गायब था। इस चोरी में उसे करीब 20 से 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

**दो दिन पहले चोरी हुई थी नई एक्टिवा :** पीड़ित ने बताया कि महज दो दिन पहले ही उसकी नई एक्टिवा चोरी हो चुकी है, जिसकी शिकायत पहले ही पुलिस में दर्ज करवाई गई थी। देर शाम हुई उस चोरी के बाद अब खोखे को भी निशाना बनाया जाना, चोरों के बढ़ते हौसले को दिखाता है।

**एक ही इलाके में बार-बार वारदात, दुकानदारों में दहशत :** स्थानीय दुकानदार सोमनाथ ने बताया कि यह पहली बार नहीं है। उनके साथ भी चार बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके में कुछ संदिग्ध लोगों के बाहर आते ही चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**पुलिस ने दर्ज किए बयान, जांच शुरू :** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों के बयान दर्ज किए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि : आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है पूर्व की शिकायतों को भी जांच से जोड़ा गया है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

**स्थानीय लोगों की मांग–रात की गश्त बढ़े**

लगातार हो रही चोरियों से नाराज़ स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने मांग की है कि रात की पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। चोरी की घटनाओं में शामिल आदतन अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो।

## फिल्लौर में गुरु रविदास महाराज के गुरुद्वारे में अग्निकांड, पावन स्वरूप जलकर हुए सपुर्द : शॉर्ट सर्किट या लापरवाही?

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )



फिल्लौर के गांव अनीर स्थित श्री गुरु रविदास महाराज जी के गुरुद्वारे में देर रात आग लगने से धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। इस दर्दनाक घटना में गुरुद्वारा साहिब में रखे पावन स्वरूप अग्नि की भेंट चढ़ गए। आग की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। तरना दल के निहंग सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी सुबह मिली, जिसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रारंभिक पुलिस जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है, लेकिन निहंग सिंह ने इसे केवल तकनीकी खराबी मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि यह घटना गांव वासियों की लापरवाही का नतीजा भी हो सकती है। निहंग सिंह के अनुसार, दो दिन पहले गुरुद्वारा साहिब से नगर कीर्तन निकाला गया था। जब घटना स्थल की जांच की गई तो पावन स्वरूपों के पास जली हुई अगरबत्ती और माचिस पाई गई, जिससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। उधर, पुलिस अधिकारी भारत मसीह ने मीडिया को बताया कि आग लगने की सूचना देर रात मिली थी। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। हालांकि, पावन स्वरूपों को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हर पहलू को ध्यान में रखते हुए छानबीन की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है, वहीं संगत दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है।

## करतारपुर में CIA स्टाफ की बड़ी कार्रवाई, 150 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जालंधर देहाती पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। CIA स्टाफ जालंधर देहात ने गश्त के दौरान एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 150 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी जालंधर देहाती हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि युद्ध नशों के विरुद्ध और परहार-2 अभियान के तहत छ्द्ध स्टाफ की टीम लगातार इलाके में निगरानी रखे हुए है। इसी क्रम में छ्द्ध स्टाफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर पुष्प बाली के नेतृत्व में एएसआई मनिंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ जंडू सिंघा से मकसूदां-करतारपुर रोड की ओर गश्त कर रहे थे।

जब पुलिस टीम रेलवे रोड करतारपुर के पास जनता कॉलेज के पीछे पहुंची, तो सड़क किनारे खड़ा एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और पास के खाली प्लॉट की ओर तेजी से चल पड़ा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम हीरा निवासी झबाल, जिला तरनतारन बताया।

तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से 150 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसके बाद उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना करतारपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। एसएसपी विर्क ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी के नशा तस्करी नेटवर्क, उसके सप्लायर और संपर्कों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है, ताकि इस अवैध धंधे से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।

# बाढ़ के खतरे पर सख्त हुए संत सींचेवाल, गिद्दड़पिंडी-मंडला छन्ना में किसानों को मिला राहत का भरोसा

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । जालंधर
09 फरवरी ( वर्मा )

राज्यसभा सदस्य और प्रख्यात पर्यावरणविद संत बलबीर सिंह सींचेवाल ने आज गिद्दड़पिंडी रेलवे ब्रिज और मंडला छन्ना क्षेत्र का दौरा कर ज़मीनी हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। गिद्दड़पिंडी रेलवे ब्रिज के नीचे जमी भारी गाद को गंभीर समस्या बताते हुए संत सींचेवाल ने कहा कि अगर



समय रहते इसकी सफ़ाई नहीं की गई तो क्षेत्र को बाढ़ जैसे हालात का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे को लेकर कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहले ही उच्चस्तरीय बैठक की जा चुकी है, जिसमें गाद हटाने, अवैध कब्ज़ों और अन्य अड़चनों को दूर करने पर सहमति बनी है।

संत सींचेवाल ने किसानों को आश्वासन दिया कि पंजाब सरकार उनकी ज़मीन और फसलों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी सूरत में इलाके को बाढ़ के खतरे में नहीं डाला जाएगा।

मंडला छन्ना क्षेत्र को लेकर उन्होंने बताया कि नदी किनारे करीब 2200 फीट तक पत्थर लगाने की योजना तैयार की जा रही है। इससे बांध को मजबूती मिलेगी। साथ ही नदी के तेज बहाव से बांध को बचाने के लिए ज़रूरी स्थानों पर स्टड और स्पर भी बनाए जाएंगे।

दौरे के दौरान नायब तहसीलदार, ड्रेन्स विभाग के एसडीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। किसानों ने मौके पर पहुंचकर हालात समझने और ठोस कदम उठाने के लिए संत सींचेवाल का आभार जताया।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247


# इश्क, इंतकाम या हत्या की वजह कुछ और...

## पंजाब में छात्रा को क्लास में प्रिंस ने क्यों मारी गोली? असल वजह आई सामने


» वंदे भारत न्यूज़ । अमृतसर

09 फरवरी ( वर्मा )

पंजाब के तरनतारन के गांव उसमां स्थित माई भागो लॉ कॉलेज में सोमवार को जो हुआ उसे जानकर हर कोई हैरान है। लॉ कॉलेज में सुबह सवा नौ बजे गोली चलने की आवाज गूंजी। यह आवाज क्लासरूम से आई। महज दो सेकंड में दो गोलियां चलीं और कमरे में खून फैल गया। इस घटना से पूरे कॉलेज में सनसनी फैल गई।

दरअसल लॉ के छात्र प्रिंसराज सिंह ने पहले अपनी क्लासमेट संदीप कौर को गोली मारी और फिर खुद को भी शूट कर दिया। आरोपी छात्र बैग में पिस्टल लेकर क्लासरूम में पहुंचा था। इस घटना की वजह एकतरफा प्यार है। आरोपी प्रिंसराज सिंह ने छात्रा संदीप कौर को एक दिन पहले फोन पर प्रपोज किया था।

संदीप कौर ने उसे मना कर दिया था। सोमवार को कॉलेज खुलते ही प्रिंसराज सिंह ने दोबारा संदीप कौर को क्लासरूम में प्रपोज किया। छात्रा ने फिर से उसे मना कर दिया। इससे तिलमिलाए प्रिंसराज सिंह ने बैग से पिस्टल निकाली और संदीप कौर के सिर पर गोली मार दी। महज दो सेकंड बाद प्रिंसराज ने खुद की कनपटी पर पिस्टल सटाक गोली मार ली। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।



### पढ़ाई कर जज बनना चाहती थी संदीप कौर

गांव उसमां के लॉ कालेज में नौशहरा पन्नूआं निवासी हीरा सिंह की बेटी संदीप कौर पढ़ाई करती थी। इसी कक्षा में गांव मलिया निवासी जगजीत सिंह का लड़का प्रिंसराज सिंह उक्त छात्रा को कई दिनों से तंग-परेशान कर रहा था। छात्रा की मां हरजिंदर कौर मुताबिक उसके पति की मौत हो चुकी है। उसकी सात बेटियां हैं। इनमें से संदीप कौर लॉ की पढ़ाई करके जज बनना चाहती थी। बड़ी मेहनत से उसने अपनी बेटी का लॉ कालेज में दाखिला करवाया था, लेकिन प्रिंसराज सिंह उसके घर में आकर लड़की को प्रेम का प्रस्ताव देता रहा। जो लड़की ने ठुकरा दिया।

### संदीप की सगाई से नाराज था प्रिंस

बताया जा रहा है कि लॉ छात्र प्रिंस राज सिंह अपनी क्लासमेट संदीप कौर की सगाई से नाराज था। वह लंबे समय से उसे एकतरफा प्रेम के लिए परेशान कर रहा था।

रविवार को उसने फोन पर संदीप को प्रपोज किया था, लेकिन संदीप ने साफ इनकार कर दिया और इसकी जानकारी अपने परिवार को भी दे दी।

### क्लासरूम में दोबारा प्रपोज, फिर खौफनाक कदम

सोमवार को कॉलेज खुलते ही प्रिंस राज सिंह बैग में पिस्टल लेकर क्लासरूम पहुंचा। उस वक्त संदीप अपनी सहेली के साथ बेंच पर बैठी थी। प्रिंस ने एक बार फिर सबके सामने उसे प्रपोज किया। संदीप ने दोबारा मना किया तो वह बौखला गया। गुस्से में उसने बैग से पिस्टल निकाली और संदीप के सिर पर गोली मार दी। घटना इतनी तेजी से हुई कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। संदीप के गिरते ही प्रिंस ने खुद की कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली चला दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### जज बनने का सपना देख रही थी संदीप

नौशहरा पन्नूआं निवासी हीरा सिंह की बेटी संदीप कौर लॉ की पढ़ाई कर रही थी और आगे चलकर जज बनना चाहती थी। उसकी मां हरजिंदर कौर ने बताया कि परिवार ने बड़ी मेहनत से उसका दाखिला करवाया था। संदीप सात बहनों में से एक थी। पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिजनों के मुताबिक, प्रिंस राज सिंह कई दिनों से संदीप को परेशान कर रहा था और घर तक आकर प्रेम प्रस्ताव दे चुका था, जिसे संदीप ने हर बार ठुकराया।

### सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

घटना के बाद कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों का आरोप है कि आरोपी छात्र पिस्टल लेकर क्लासरूम तक कैसे पहुंच गया? वहीं, घटना के बाद करीब 15 मिनट तक गेट बंद रखे जाने का भी आरोप है। सूचना मिलते ही डीएसपी जगबीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही क्लासरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है।






## गुरदासपुर में मोटरसाइकिल से जोड़ी जुगाड़ू रेहड़ी पलटी; अधिक लोग बैठाने पर हुआ हादसा, दो बच्चों समेत आठ घायल

» वंदे भारत न्यूज़ । गुरदासपुर

09 फरवरी ( वर्मा )

पंजाब के गुरदासपुर जिले के कलानौर-डेरा बाबा नानक रोड पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गांव शाहपुर गोराया के पास मोटरसाइकिल से जोड़कर बनाई गई जुगाड़ू रेहड़ी अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गई। इस हादसे में दो छोटे बच्चों सहित चार महिलाओं समेत कुल आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए कम्युनिटी सेहत केंद्र कलानौर में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ, जब जुगाड़ू रेहड़ी पर जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे। अचानक रास्ते में रेहड़ी का संतुलन बिगड़ा और वह सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों की मदद की और एंबुलेंस तथा पुलिस को सूचना दी।



**संतुलन बिगड़ने से पलटा जुगाड़ू रेहड़ा**

अस्पताल में उपचाराधीन कृष पुत्र बिट्टू निवासी कलानौर ने बताया कि वह रोजाना की तरह मोटरसाइकिल से जुड़ी रेहड़ी पर फेरी लगाकर अपने परिवार के साथ कलानौर की ओर लौट रहा था।

# AAP नेता लक्की की हत्या की जड़ विदेश में उपजा पुराना गैंग विवाद, तस्कर जोगा बना मास्टरमाइंड

## नशा, पैसे, बेइज्जती और बदले की आग-दोस्ती से दुश्मनी और फिर साजिशन कत्ल तक की पूरी कहानी

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर / अमृतसर

09 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर में आम आदमी पार्टी (AAP) के स्थानीय नेता लक्की की दिनदहाड़े हुई हत्या अब सिर्फ एक राजनीतिक हत्या नहीं, बल्कि विदेशी कनेक्शन, नशा तस्करी, पुराने गैंग झगड़े और बदले की साजिश का मामला बनती जा रही है। पुलिस जांच में जो परतें खुल रही हैं, वे इस वारदात को पूरी तरह प्लान्ड एग्जीक्यूशन साबित कर रही हैं।

**दोस्ती से दुश्मनी तक-लक्की-जोगा विवाद की शुरुआत विदेश में**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, लक्की और कुख्यात तस्कर जोगा फोल्ड़ीवाल कभी करीबी दोस्त हुआ करते थे। दोनों का उठना-बैठना साथ था, लेकिन कुछ साल पहले विदेश में नशे और पैसों को लेकर दोनों में गंभीर झगड़ा हो गया। यही झगड़ा आगे चलकर खून की वजह बना।

झगड़े के बाद जोगा विदेश में ही रह गया, जबकि लक्की भारत लौट आया और धीरे-धीरे AAP पार्टी से जुड़कर स्थानीय राजनीति में सक्रिय हो गया। यही बदलाव जोगा को खटकता रहा।

**मां की बेइज्जती बनी कत्ल की वजह** – अमृतसर पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, दोनों के बीच दुश्मनी इतनी बढ़ गई थी कि लक्की ने एक बार जोगा फोल्ड़ीवाल के घर जाकर उसकी मां के साथ बदसलूकी और बेइज्जती की थी। यही घटना जोगा के लिए प्वाइंट ऑफ नो रिटर्न बन गई। पुलिस का मानना है कि यहीं पर लक्की की हत्या का फैसला ले लिया गया था और बदले की साजिश धीरे-धीरे रची गई।

**शमिंदर उर्फ शिंगरी : नौकर, कबड्डी खिलाड़ी और नशे का आदी**



इस सनसनीखेज मामले में एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया लक्की का नौकर शमिंदर सिंह उर्फ शिंगरी जांच का अहम किरदार बनकर सामने आया है।

शिंगरी कबड्डी खिलाड़ी है और मेलों में होने वाले मुकाबलों में भाग लेता था वह भारी नशे का आदी है और रोज़ाना करीब एक ग्राम चिट्टा लेता था। उस पर पहले से एक आपराधिक केस दर्ज है

पुलिस के अनुसार, हत्या के बाद शूटर को स्कूटी पर मौके से भगाने वाला शिंगरी ही था।

**अमेरिका सेटलमेंट का लालच, 'खर्चा-पानी' देकर रची गई साजिश**

पूछताछ में शिंगरी ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि उसे हत्या के बदले सीधे पैसे नहीं, बल्कि खर्चा-पानी दिया गया था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि उसे अमेरिका में सेटल करवाने का वायदा किया गया था।

पुलिस को शक है कि: कत्ल में इस्तेमाल हुआ पैसा जोगा के किसी करीबी ने शहर में रहते हुए मुहैया करवाया पूरी फंडिंग लोकल नेटवर्क के जरिए की गई, ताकि जोगा का नाम सीधे सामने न आए।

**प्रेमिका के घर छिपा था शिंगरी**

एनकाउंटर से पहले शिंगरी के बारे में पुलिस को इनपुट मिला था कि वह अमृतसर देहाती इलाके में अपनी प्रेमिका के घर छिपा हुआ था। वहीं से मूवमेंट के दौरान पुलिस से मुठभेड़ हुई और उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच अब तीन एंगल पर केंद्रित विदेशी तस्कर जोगा फोल्ड़ीवाल की सीधी भूमिका।

**लोकल फाइनेंसर और शूटर नेटवर्क** – राजनीतिक पहचान का इस्तेमाल कर रंजिश छुपाने की कोशिश पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में और भी बड़े नाम बेनकाब हो सकते हैं, साथ ही विदेश में बैठे मास्टरमाइंड तक पहुंचने के लिए इंटरनेशनल चैनल्स से संपर्क किया जा रहा है।

**आवश्यकता** पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247









# पार्षद पवन कुमार के घर पहुंची प्रभात फेरी, फूलों से हुआ भव्य स्वागत



**» वंदे भारत 24 न्यूज़ | जालंधर**

**09 फरवरी ( वर्मा )**

महाशिवरात्रि से पहले विनय मंदिर से निकाली जा रही प्रभात फेरी आज पार्षद पवन कुमार के निवास पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर पूरे माहौल को भक्ति रस से भर दिया गया और शिव भक्तों ने भजन-कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी को आगे बढ़ाया। पार्षद पवन कुमार और उनके परिवार ने प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं पर फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया।

श्रद्धालुओं की सेवा के लिए चाय और नाश्ते का लंगर भी लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया और महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर अपनी आस्था प्रकट की।

पार्षद पवन कुमार ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारा और एकता का संदेश देते हैं और सभी को मिलकर इन परंपराओं को आगे बढ़ाना चाहिए।





# सीवरेज ने किया जीना मुहाल, सूरानुस्सी में लोगों का गुस्सा फूटा- जालंधर-अमृतसर जीटी रोड जाम

**» वंदे भारत 24 न्यूज़ | जालंधर**

**09 फरवरी ( वर्मा )**



जालंधर-अमृतसर जीटी रोड उस समय ठप हो गया, जब सूरानुस्सी स्थित गुरु नानक नगर के लोगों ने सीवरेज समस्या को लेकर सड़कों पर उतरकर ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित स्थानीय निवासियों ने पंजाब सरकार और जालंधर नगर निगम के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए रोड जाम कर दिया, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वार्ड नंबर 84 में बीते लंबे समय से सीवरेज जाम की गंभीर समस्या बनी हुई है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि गलियों में गंदा पानी भरा रहता है, जिससे पैदल चलना तो दूर, घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों और प्रशासन को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र के पार्षद लगातार सीवरेज खुलवाने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम की ओर से सफाई के लिए आवश्यक मशीनरी और संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। इसी लापरवाही के चलते स्थिति दिन-ब-दिन और बिगड़ती जा रही है। इलाके में फैली दुर्गंध से लोगों का जीना दूभर हो गया है। गंदे पानी के कारण मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है और आम जनता की परेशानियों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। आख़िरकार मजबूर होकर लोगों ने जीटी रोड जाम कर प्रशासन का ध्यान खींचने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द सीवरेज समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे अपना आंदोलन और तेज़ करेंगे। स्थानीय लोगों की मांग है कि तुरंत सीवरेज की सफाई कर इलाके को इस बदहाल स्थिति से निजात दिलाई जाए, ताकि सामान्य जनजीवन बहाल हो सके।

# DAV फ्लाईओवर पर देर रात भीषण हादसा, यू-टर्न लेते ट्रक से टकराई तेज रफ्तार पिकअप

## चालक गंभीर घायल, शराब के नशे की आशंका-पुलिस मेडिकल रिपोर्ट का इंतज़ार

**» वंदे भारत 24 न्यूज़ | जालंधर**

**09 फरवरी ( वर्मा )**

जालंधर के बीएसएफ कॉलोनी के समीप DAV फ्लाईओवर पर देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार पिकअप वाहन एक ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।





### यू-टर्न के दौरान हुआ हादसा

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक गुरमीत सिंह मंडी की ओर जा रहा था। रास्ता क्षतिग्रस्त होने के कारण उसने फ्लाईओवर पर यू-टर्न लेने की कोशिश की, इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रक में टक्कर मार दी।

**प्रत्यक्षदर्शियों का दावा- नशे में था पिकअप चालक**

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि पिकअप चालक शराब के नशे में था और तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके चलते वह सामने मुड़ रहे ट्रक को समय रहते नहीं देख सका। टक्कर के बाद मौके पर भारी हंगामा हो गया।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा, यातायात बहाल

घटना की सूचना मिलते ही थाना-2 की पीसीआर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले घायल चालक को सिविल अस्पताल भिजवाया फ्लाईओवर पर जाम हटाकर यातायात सुचारू कराया भीड़ को शांत कर स्थिति को नियंत्रण में लिया।

**घायल की हालत पर नजर**

पुलिस के अनुसार, पिकअप चालक को काफी गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज सिविल अस्पताल में जारी है। डॉक्टरों की टीम उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है।

**शराब के नशे की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट से होगी**

थाना-2 से पीसीआर एएसआई जसवीर सिंह ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम से मकसूदा रोड पर हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।

**मामला दर्ज, जांच जारी** - पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के सही कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही, ट्रक चालक और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

# महाशिवरात्रि पर भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना नहीं मिलेगा फल

सनातन धर्म में महाशिवरात्रि का पावन पर्व भक्ति, संयम और साधना का प्रतीक माना जाता है। साल 2026 में फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 05:04 बजे से शुरू होगी और इसका समापन अगले दिन 16 फरवरी को शाम 05:34 बजे होगा। पंचांग और ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस साल महाशिवरात्रि का व्रत 15 फरवरी को ही रखा जाएगा। इस विशेष दिन पर शिव भक्त महादेव को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना करते हैं, लेकिन अनजाने में की गई छोटी-छोटी गलतियां पूजा के फल को कम कर सकती हैं। इसलिए शास्त्रों में वर्णित नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।



**शिवलिंग पर वर्जित हैं ये सामग्रियां**

महादेव की पूजा में श्रद्धा के साथ-साथ सही सामग्री का चयन भी बहुत मायने रखता है। शास्त्रों के अनुसार, शिवलिंग पर कभी भी सिंदूर या कुमकुम नहीं चढ़ाना चाहिए, क्योंकि भगवान शिव वैरागी हैं और ये चीजें सौभाग्य या श्रृंगार का प्रतीक मानी जाती हैं। इसी तरह, शिव पूजा में शंख का प्रयोग पूरी तरह वर्जित है, इसलिए शंख से जल अर्पित न करें। इसके अलावा, भगवान विष्णु को प्रिय तुलसी के पत्ते भी शिवलिंग पर चढ़ाना निषेध माना गया है। गलत सामग्री का उपयोग पूजा में बाधा उत्पन्न कर सकता है, इसलिए इन चीजों से बचने की सलाह दी जाती है।

**अभिषेक के बर्तन और परिक्रमा का विशेष नियम**

जलाभिषेक के दौरान पात्र का चुनाव करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए तांबे के लोटे का प्रयोग सबसे उत्तम माना जाता है, लेकिन ध्यान रहे कि तांबे के पात्र में दूध डालकर अभिषेक बिल्कुल न करें। दूध चढ़ाने के लिए स्टील या चांदी के बर्तन का ही उपयोग करना शास्त्र सम्मत है। अभिषेक करते समय जल की धारा बहुत धीमी और निरंतर होनी चाहिए। इसके अलावा, शिवलिंग की परिक्रमा को लेकर अक्सर लोग गलती करते हैं। शिवलिंग की कभी भी पूरी परिक्रमा नहीं की जाती है। जहां से अभिषेक का जल बाहर निकलता है यानी जलाधारी, उसे कभी लांघना नहीं चाहिए। हमेशा आधी परिक्रमा करके ही वापस लौट आना चाहिए।

**सात्विक भोजन और मंत्र जाप का महत्व**

महाशिवरात्रि का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को अपने खान-पान और व्यवहार पर विशेष नियंत्रण रखना होता है। इस दिन तामसिक भोजन जैसे लहसुन, प्याज या भारी भोजन से पूरी तरह परहेज करना चाहिए और केवल सात्विक फलाहार ही ग्रहण करना चाहिए। व्रत के दौरान मन को शांत रखना और किसी के प्रति क्रोध या अपशब्दों का प्रयोग न करना भी व्रत का हिस्सा है।

पूजा के दौरान ऊं? नम: शिवायमंत्र का शुद्ध उच्चारण करें और खंडित चावल यानी टूटे हुए अक्षत अर्पित न करें। साथ ही, शिवलिंग पर चढ़ाए गए प्रसाद को स्वयं ग्रहण करने के बजाय इसे दूसरों में बांट देना ही उचित माना जाता है।

## भद्रा के साए में रहेगी महाशिवरात्रि, जानें कब किया जाएगा भोलेनाथ का जलाभिषेक?

हर साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाता है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन शिव-शक्ति का मिलन हुआ था. इस साल महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनाई जाने वाली है. महाशिवरात्रि के दिन भक्त भोलेनाथ और माता पार्वती की विशेष पूजा करते हैं. साथ ही व्रत रखते हैं.

मान्यता है कि इस दिन भोलेनाथ प्रसन्न मुद्रा में रहते हैं और पूजन व व्रत से प्रसन्न होकर सभी मनोकामनाएं जल्द पूर्ण करते हैं. महाशिवरात्रि के दिन देश भर के शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतार देखने को मिलती है. हालांकि, इस साल महाशिवरात्रि पर भद्रा का योग भी बन रहा है. ऐसे में कई लोगों के मन में ये सवाल है कि क्या इसका प्रभाव शिव जी के जलाभिषेक पर भी पड़ेगा? ऐसे में आइए जानते हैं कि महाशिवरात्रि पर भद्रा काल कब से कब तक रहेगा? साथ ही कब जलाभिषेक किया जा सकता है?

**महाशिवरात्रि 2026 भद्रा काल का समय**

पंचांग के अनुसार, 15 फरवरी की शाम 05 बजकर 04 मिनट से भद्रा काल शुरू होगा. वहीं भद्रा काल का समापन 16 फरवरी की सुबह 05 बजकर 23 मिनट पर होगा. यानी महाशिवरात्रि पर करीब 12 घंटे 19 मिनट तक भद्रा काल रहेगा. हालांकि, चिंता की कोई बात नहीं है. पंडितों और ज्योतिषविदों के अनुसार, महाशिवरात्रि पर भद्रा पाताल लोक में वास करेगी.

शास्त्रों में बताया गया है कि भद्रा के पाताल लोक में होने पर उसका प्रभाव धरती पर नहीं पड़ता. इसलिए महाशिवरात्रि के दिन भक्त बिना किसी असमंजस के भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा कर सकते हैं.

**महाशिवरात्रि 2026 जलाभिषेक का शुभ मुहूर्त :** इस साल महाशिवरात्रि के दिन महादेव के जलाभिषेक के लिए कई मुहूर्त हैं. इस दिन पहला मुहूर्त सुबह 08 बजकर 24 मिनट से 09 बजकर 48 मिनट मिनट तक रहेगा. दूसरा मुहूर्त सुबह 09 बजकर 48 मिनट से 11 बजकर 11 मिनट तक रहेगा. तीसरा अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त रहेगा. ये सुबह 11 बजकर 11 मिनट से दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा. शाम को शुभ-उत्तम मुहूर्त 06 बजकर 11 मिनट से 07 बजकर 47 मिनट तक रहेगा. इन सभी मुहूर्तों में भक्त शिव जी का जलाभिषेक कर सकते हैं.



## फरवरी में कब है रोहिणी व्रत?

### जानें डेट, शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और महत्व



हिंदू कैलेंडर में फरवरी-मार्च के बीच के मास को फाल्गुन माह के रूप में जाना जाता है. फाल्गुन माह का सनातन धर्म में विशेष महत्व है. फरवरी महीने में कई त्योहार मनाए जाते हैं. इसी महीने में महाशिवरात्रि का पावन पर्व मानाया जाता है. ये पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन की याद में मनाया जाता है. इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की विशेष पूजा की जाती है. इसी माह में कई महत्वपूर्ण व्रत भी पड़ते हैं.

इन्हीं व्रतों में शामिल है रोहिणी व्रत. ये व्रत हर महीने रोहिणी नक्षत्र में पड़ने वाली तिथि पर रखा जाता है. रोहिणी व्रत भगवान वासुपूज्य स्वामी को समर्पित है. इस शुभ अवसर पर जैन धर्म के लोग भक्ति भाव से भगवान वासुपूज्य की पूजा करते हैं. ऐसे में आइए जानते हैं कि फरवरी माह में रोहिणी व्रत कब रखा जाएगा? साथ ही जानते हैं इसका शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और महत्व.

**रोहिणी व्रत डेट और शुभ मुहूर्त**

- रोहिणी व्रत पूजा विधि
- रोहिणी व्रत के दिन ब्रह्म बेला में उठें. इसके बाद घर की साफ-सफाई करें.
- नित्य कर्मों से निवृत होकर गंगाजल मिले पानी से स्नान करें.
- स्नान के बाद आचमन करके व्रत का संकल्प लें.
- इसके बाद नए कपड़े पहनें और सूर्य देव को अर्घ्य दें.
- फिर भक्ति भाव से भगवान वासुपूज्य स्वामी की पूजा करें.
- पूजा के दौरान भगवान वासुपूज्य स्वामी को फल, फूल आदि चीजें चढ़ाएं.
- अंत में आरती करके सुख और समृद्धि की कामना करें.

**रोहिणी व्रत का महत्व**

रोहिणी व्रत के दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा आयोजित की जाती है. रोहिणी व्रत के दिन विवाहित महिलाएं व्रत रखती हैं. अविवाहित लड़कियां भी ये व्रत रखती हैं. जैन मान्यता है कि इस व्रत को करने से वासुपूज्य स्वामी का आशीर्वाद प्राप्त होता है. उनके आशीर्वाद से हर मनोकामना पूरी होती है. साथ ही घर में सुख और सौभाग्य बढ़ता है.

S.T HOSPITAL
& Test Tube Baby Centre
Near Football Chowk, Jalandhar.
Mob.: 99154-02525, 0181-5042525
www.sthospital.in
अब हर घर गूँजेंगी खुशियों की किलकारियाँ
IUI | IVF | ICSI
विधियों द्वारा पुरुषों तथा महिलाओं के बाँझपन का उपचार किया जाता है
Dr. Asheesh Kapoor
M.B.B.S., P.G.D.S. (USA)
Fertility & Sex Specialist
Dr. Rimmi Mahajan
M.B.B.S, M.D. (Obs & Gynae)
Fellowship in Rep. Med. (Spain)

# कौन हैं Auqib Nabi? जिन्होंने 12 विकेट लेकर J&K टीम के लिए रचा नया इतिहास

जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने शानदार खेल दिखाते हुए पूर्व चैंपियन मध्य प्रदेश के खिलाफ 12 विकेट लेकर अपनी टीम को रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया है।

इंदौर में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में आकिब नबी ने घातक गेंदबाजी कर हर किसी को हैरान कर दिया है।

क्वार्टर फाइनल मैच में जम्मू-कश्मीर की टीम ने मध्य-प्रदेश को 56 रन से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। जम्मू-कश्मीर की जीत के हीरो आकिब नबी रहे, जिन्होंने पहली पारी में कुल 7 विकेट लिए थे, जबकि दूसरी पारी में भी उन्होंने पंजा खोला और मध्य प्रदेश की टीम को बैकफुट पर रखा।

**J&K की टीम ने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बनाई जगह**





दरअसल, जम्मू-कश्मीर की टीम इससे पहले कभी रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची थी, लेकिन इस बार उन्होंने ये कमाल कर दिखाया है। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में जम्मू-कश्मीर के गेंदबाजों के आगे मध्य प्रदेश के बैटर कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और इसी वजह से उन्हें क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा।

मैच में जम्मू-कश्मीर की टीम पहले बैटिंग करते हुए 67 ओवर में 194 रन बनाकर सिमट गई थी।

इस स्कोर के जवाब में मध्य प्रदेश की बैटिंग भी कुछ खास नहीं रही और टीम आकिब नबी की घातक गेंदबाजी के सामने सिर्फ 152 रन बनाकर सिमट गई।

इस तरह जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 42 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में फिर जम्मू-कश्मीर की टीम ने 248 रन का स्कोर खड़ा किया, जिससे मध्य प्रदेश को चौथी पारी में 291 रन का टारगेट मिला, लेकिन आकिब ने एक बार फिर अपनी गेंदबाजी से मध्य-प्रदेश की टीम के बैटर्स को क्रीज पर नहीं टिकने दिया।

दूसरी पारी में आकिब ने 5 विकेट लिए और टीम को 234 रन पर समेट दिया और इस तरह जम्मू-कश्मीर की टीम ने पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

# भारत के समर्थन में उतरा बांग्लादेश, बीच 'लड़ाई' में छोड़ा पाकिस्तान का साथ




टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच 15 फरवरी को मुकाबला खेला जाना है. लेकिन इस मैच के लिए पाकिस्तान की टीम मैदान पर उतरेगी या नहीं, इसका फैसला अभी तक नहीं हो सकता है. दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को ये मैच ना खेलने का आदेश दिया है. हालांकि, मुकाबले को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के बीच बातचीत जारी है, जिसमें बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड भी शामिल है. इसी बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान से एक खास रिक्वेस्ट की है.

**बांग्लादेश ने पाकिस्तान से की ये रिक्वेस्ट** – मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी से रिक्वेस्ट की है कि वह 2026 टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच का बॉयकॉट वापस ले लें. यह अपील लाहौर में रविवार को हुई चर्चाओं के दौरान की गई, जिसमें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के उपाध्यक्ष और इमरान ख्वाजा भी मौजूद थे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमीनुल इस्लाम ने इस मुद्दे पर बातचीत की और पाकिस्तान को मैच खेलने के लिए मनाने की कोशिश की.

# इंग्लैंड से आगे निकला स्कॉटलैंड, अंक तालिका में गजब उलटफेर

टी20 वर्ल्ड कप के 7वें मैच के नतीजे के साथ ही अंक तालिका में बड़ा उलटफेर हो गया है. कोलकाता में स्कॉटलैंड ने इटली पर 73 रनों की बड़ी जीत दर्ज की और इसके साथ ही इस टीम ने ग्रुप सी में बड़ा उलटफेर कर दिया है. स्कॉटलैंड की टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच गंवाया था लेकिन दूसरे मैच में उसने स्कॉटलैंड को मात दी और अब वो अंक तालिका में इंग्लैंड से ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है.

**स्कॉटलैंड ने इंग्लैंड को पछाड़ा**






ग्रुप सी की अंक तालिका की बात करें तो वेस्टइंडीज एक मैच में एक जीत के साथ पहले स्थान पर है. उसका नेट रनरेट +1.750 है. वहीं स्कॉटलैंड ने दो मैचों में एक जीत के साथ दो अंक बटोरे हैं और उसका नेट रनरेट +0.950 हो गया है इंग्लैंड की टीम ने एक मैच में एक जीत दर्ज की है लेकिन उसका नेट रनरेट स्कॉटलैंड से कम है. अब अगर इंग्लैंड की टीम ने अपना अगला मैच खराब खेला या उसे हार मिली तो स्कॉटलैंड की अगले दौर में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ जाएंगी. दिलचस्प बात ये है कि स्कॉटलैंड को अगला मैच इंग्लैंड से ही खेलना है. इस मैच में वो इंग्लैंड को हरा भी सकती है क्योंकि नेपाल अंग्रेजों को हराने के बेहद करीब पहुंच गया था.

# जिससे सबसे ज्यादा प्यार..., टी20 World Cup से बाहर हुए Harshit Rana की हुई सर्जरी

भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा की घुटने की सर्जरी हुई है, जिसकी वजह से उनका टी20 वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट गया है। हर्षित, डिफेंडिंग चैंपियन टीम इंडिया के पहले मैच से एक दिन पहले वार्म-अप मैच के दौरान चोटिल हुए थे। घुटने में चोट लगने के बाद राणा को मुंबई में रु के खिलाफ भारत के पहले मैच से एक दिन पहले टीम से बाहर कर दिया गया था। अब युवा तेज गेंदबाज ने अपनी फिटनेस के बारे में एक अपडेट शेयर किया है।

**Harshit Rana की सर्जरी हुई सफल**



दरअसल, राणा ने अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अंगूठा दिखाते हुए अपनी एक तस्वीर के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। उन्होंने कैप्शन पर लिखा कि सर्जरी सही से हो गई, अब रिकवरी और अपनी पसंदीदा चीजों को फिर से करने पर ध्यान है। बता दें कि राणा को पिछले हफ्ते डीवाई पाटिल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वॉर्म-अप मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी। उन्होंने सिर्फ एक ओवर फेंका था और 16 रन दिए थे, जिसके बाद वो लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। घुटने की चोट के चलते उन्हें टी-20 विश्व कप 2026 के लिए टीम से बाहर होना पड़ा।

जांच में पता चला कि उन्हें लेटरल मनिस्कस इंजरी हुई है। मेडिकल टीम ने उन्हें तुरंत सर्जरी कराने की सलाह दी, जिसके बाद उन्होंने अपना ऑपरेशन करवाया। वहीं, हर्षित के इंजर्ड होने के चलते भारत ने सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आखिरी समय में टीम में बुलाया, जो टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में न चुने जाने के बाद जर्मनी जाने की तैयारी कर रहे थे।

सिराज ने अमेरिका के खिलाफ ओपनिंग मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट चटकाए और टीम इंडिया की जीत में अहम योगदान दिया। इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 161 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में अमेरिका की टीम 132 रन ही बना सकी और भारत ने ये मैच 29 रन से अपने नाम किया और जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया।

# दौरा पड़ने पर मुंह में चम्मच डाल देनी चाहिए?

## एक्सपर्ट ने बताया एपिलेप्सी से जुड़े ऐसे ही 5 मिथकों का सच

एपिलेप्सी एक ऐसी कंडीशन है, जिसे लेकर समाज में आज भी कई गलत जानकारियां फैली हुई हैं। जागरूकता की कमी के कारण अक्सर लोग दौरे पड़ने पर सही मदद करने के बजाय ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।

मिर्गी कोई मानसिक बीमारी नहीं, बल्कि एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जिसे सही जानकारी और इलाज से मैनेज किया जा सकता है। आइए डॉ. अग्रवाल से जानते हैं एपिलेप्सी से जुड़े उन 5 बड़े मिथकों की सच्चाई, जिन पर लोग आज भी यकीन करते हैं।

**मिथक 1**– जीभ कटने से बचाने के लिए मुंह में चम्मच, वॉलेट या लकड़ी डाल देनी चाहिए।

सच्चाई– यह सबसे खतरनाक मिथकों में से एक है। दौरा पड़ने पर मरीज के मुंह में कभी भी कुछ नहीं डालना चाहिए। ऐसा करने से मरीज के दांत टूट सकते हैं, जबड़े में चोट लग सकती है या सांस की नली ब्लॉक हो सकती है, जिससे दम घुटने का खतरा बढ़ जाता है। लोग अक्सर डरते हैं कि मरीज अपनी जीभ निगल जाएगा, लेकिन यह संभव नहीं है। अगर जीभ पर हल्की चोट आती भी है, तो वह उतनी खतरनाक नहीं होती जितना कि बाहरी वस्तु डालने से होने वाली सांस की रुकावट।




- **क्या करें– जब झटके रुक जाएं, तब व्यक्ति को धीरे से करवट दिलाएं ताकि सांस की नली खुली रहे।**
- **मिथक 2**– झटकों को रोकने के लिए व्यक्ति को जोर से पकड़ लेना चाहिए।
- सच्चाई– दौरे के दौरान किसी को जबरदस्ती पकड़ना या दबाना बहुत जोखिम भरा है। दरअसल, पकड़ने से दौरा नहीं रुकता, बल्कि इससे मरीज की मांसपेशियों में खिंचाव, फ्रैक्चर या जोड़ों के खिसकने का खतरा बढ़ जाता है।
- **क्या करें– आसपास की नुकीली या सख्त चीजों को हटा दें, सिर के नीचे मुलायम कपड़ा रखें और दौरे को अपने आप शांत होने दें।**
- **मिथक 3**– सभी दौरों में मरीज जमीन पर गिरकर हिंसक रूप से कांपने लगता है।
- **सच्चाई**– फिल्मों में अक्सर यही दिखाया जाता है, लेकिन हकीकत अलग है। ज्यादातर दौरे काफी सूक्ष्म होते, जैसे– अचानक एक जगह टकटकी लगाकर देखना, होंठ चबाना, अचानक भ्रमित होना या हाथ-पैर की अजीब सी हरकतें। इन्हें अक्सर लोग पहचान नहीं पाते, जिससे इलाज में देरी होती है। सही समय पर पहचान और डॉक्टरी सलाह बहुत जरूरी है।
- **मिथक 4**– चमकती लाइट्स हर मिर्गी के मरीज के लिए दौरा पैदा करती हैं।
- **सच्चाई**– फोटोसेंसिटिव एपिलेप्सी केवल 5% से भी कम मरीजों में पाई जाती है। डॉ. अग्रवाल के मुताबिक, ज्यादातर मरीजों के लिए नींद की कमी, दवा छोड़ना, तनाव, इन्फेक्शन या शराब जैसे कारण ट्रिगर बनते हैं। इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के हर मरीज के लिए स्क्रीन या लाइट से परहेज करना जरूरी नहीं है।
- **मिथक 5**– मिर्गी एक मानसिक बीमारी या बौद्धिक अक्षमता है।
- **सच्चाई**– एपिलेप्सी एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, न कि कोई मनोरोग। इसका व्यक्ति की बुद्धिमत्ता या मानसिक क्षमता से कोई सीधा संबंध नहीं है। दुनिया भर में मिर्गी से प्रभावित लाखों लोग सफल छात्र, डॉक्टर, पेशेवर और माता-पिता के रूप में एक सामान्य और स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं।

# गर्भावस्था के दौरान सही आहार जरूरी

**गर्भावस्था ऐसा समय है जब मां को अच्छे पोषण की जरूरत होती है। इस दौरान सही पोषण बच्चे के विकास और मां के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी है। माताओं को ध्यान रखना चाहिए कि उनके पोषण में विटामिन और मिनरल्स की कमी न हो। गर्भावस्था के दौरान सही डायट चार्ट बनाना और उसका पालन करना जरूरी है। गर्भवती माताओं के लिए अपने पोषण की जरूरतों का खास ध्यान रखने में मदद करने के लिए हम आपको कुछ सुझाव दे रहे हैं।**




* गर्भावस्था के दौरान आप जो भी आहार लेती हैं, उससे न केवल आपके शरीर को पोषण मिलता है, बल्कि आपके पेट में पल रहे बच्चे का भी विकास होता है। हर दिन के साथ आपकी मैक्रो एवं माइक्रो न्यूट्रिएन्ट्स की जरूरत बढ़ती जाती है।

* आपको हर ग्रुप का भोजन अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इससे आपके लिए यह ध्यान में रखना आसान हो जाता है कि आप क्या खा रही हैं। जरूरी है कि हर भोजन में कम से कम तीन ग्रुप संतुलित मात्रा में शामिल हों। जंक फूड के सेवन से बचें क्योंकि इससे बेवजह आपका वजन बढ़ेगा और पोषक पदार्थों की कमी होगी।

* आमतौर पर हमारे देश में गर्भावस्था के दौरान ऐसा खाना खाने की सलाह दी जाती है, जो बहुत सारे घी में बना हो। हालांकि इस तरह के आहार के अपने फायदे हैं, लेकिन इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।

नहीं तो वजन तेजी से बढ़ता है और बच्चे के जन्म के बाद वजन कम करना बहुत मुश्किल हो जाता है। इस दौरान सक्रिय रहें और सेहतमंद आहार लें।

### भूख को ठीक तरह से प्रबंधित करने के सुझाव

* गर्भावस्था के दौरान महिला को बहुत ज्यादा भूख लगती है और ज्यादातर महिलाएं भूख लगने पर जंक फूड और अस्वास्थ्यप्रद आहार खाना चाहती हैं। ऐसे भोजन में काबोहाइड्रेट/ वसा तो भरपूर मात्रा में होते हैं लेकिन पोषक पदार्थों की कमी होती है। ऐसे में अपने आहार पर ध्यान देना जरूरी है।

* इसी तरह अगर आपको कोई भोजन अच्छा नहीं लग रहा, जो आपकी सेहत और बच्चे के विकास के लिए जरूरी है तो अपने डायटीशियन से बात कर इसका कोई विकल्प लें ताकि आपकी पोषण संबंधी सभी जरूरतें पूरी हो सकें।

* दिन में दो से तीन बार भरपेट खाने के बजाए कम मात्रा में बार-बार खाएं। इससे पाचन की समस्या भी नहीं होगी। इसके अलावा नियमित रूप से थोड़ा बहुत व्यायाम करें, जिससे शरीर में हॉर्मोनों का संतुलन बना रहेगा और आप गर्भावस्था के दौरान फिट और चुस्त बनी रहेंगी।

